Title: Need to provide funds to Government of Himachal Pradesh for water management for irrigation in Solan district.

।

कर्नल (सेवानिवृत्त) डा. धनी राम शांडिल्य (शिमला) : महोदय, शिमला संसदीय क्षेत्र में सोलन जिले में कृषक व बागवान वर्ग का बाहुल्य है। इस क्षेत्र में गम्भर व कूहनी खंडों के जल का प्रयोग जलागम विकास के लिए लगभग दस स्थानों पर छोटे-छोटे डेम बना कर पीने के पानी, सिंचाई हेतु उठाऊ-जल योजना, मछली पालन व स्थानीय प्रयोग हेतु जल-ऊर्जा उत्पादन कर लगभग दस हजार हैक्टेयर भूमि पर गैर मौसमी व विदेशी सब्जियों, फूलों, टमाटर, मटर, शिमला मिर्च व अदरक जैसी नकदी फसलों का उत्पादन कर अनुमानतः 20 हजार परिवारों की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। प्रदेश सरकार इस दिशा में कार्यरत है, परन्तु इस विकास के कार्य को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के लिए केन्द्र सरकार की सहायता अनिवार्य है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जल-प्रबंधन द्वारा हजारों परिवारों की अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन के मद्देनज़र कम से कम तीन बीघे प्रत्येक परिवार की भूमि को सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करने से इस क्षेत्र की बेरोजगारी की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। साथ ही मैं यह भी अनुरोध करूंगा कि इस प्रस्तावित परियोजना के कार्यान्वयन हेतु केन्द्र सरकार के विशेज्ञ दल को सर्वेक्षण के लिए भेजा जाए।